आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

बुधवार 02.07.2025 समय 1305

मुख्य समाचार :–

- उत्तराखंड स्पेशल टास्क फोर्स और साइबर सेल ने पिछले छह महीनों के भीतर साइबर अपराध के खिलाफ प्रभावी अभियान चलाते हुए उल्लेखनीय सफलता हासिल की।
- प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम साफ होने से अवरुद्ध सड़क मार्गों को बहाल करने का काम तेज़ी से किया जा रहा है।
- पौड़ी की जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने श्रीनगर में विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया, व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए।
- टिहरी डैम वन प्रभाग वन महोत्सव के तहत पौधरोपण अभियान में जुटा। 66 हेक्टेयर भूमि पर लगभग 70 हजार पौधों का सघन रोपण किया जाएगा।

साइबर अपराध रोकथाम

उत्तराखंड स्पेशल टास्क फोर्स– एसटीएफ और साइबर सेल ने पिछले छह महीनों के भीतर साइबर अपराध के खिलाफ निर्णायक और प्रभावी अभियान चलाते हुए उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। इस दौरान कुल 140 साइबर अपराधियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की गई, जबकि साढ़े दस करोड़ रुपए से अधिक की जनता की धनराशि को साइबर ठगी से सुरक्षित किया गया।

देशभर के 17 राज्यों में "ऑपरेशन प्रहार" के तहत समन्वित अभियान चलाया गया। वहीं "ऑपरेशन सिम" के दौरान 758 फर्जी सिम कार्ड जब्त किए गए, जो साइबर अपराध में उपयोग किए जा रहे थे। चारधाम यात्रा में फर्जीवाड़े को रोकने के लिए चलाए गए "ऑपरेशन हेली" के तहत 142 फर्जी वेबसाइट्स, 117 मोबाइल नंबर और 67 बैंक खातों को ब्लॉक या सीज किया गया।

पुलिस के अनुसार, उत्तराखंड एस.टी.एफ तेजी से देश की एक मॉडल साइबर क्राइम कंट्रोल फोर्स के रूप में स्थापित हो रही है। साइबर कमांडो फोर्स के माध्यम से भविष्य की डिजिटल चुनौतियों से निपटने के लिए भी व्यापक तैयारी की जा रही है।

यदि कोई नागरिक साइबर ठगी का शिकार होता है, तो तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करके शिकायत दर्ज करा सकता है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आज मौसम साफ है। इससे हाल ही में बारिश और भूस्खलन के कारण अवरुद्ध सड़क मार्गों को बहाल करने का काम तेज़ी से किया जा रहा है।

उत्तरकाशी जिले में सिलाई बैंड के समीप क्षतिग्रस्त यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग को ठीक करने के लिये युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है। उम्मीद है कि जल्द ही इस मार्ग पर आवाजाही शुरू हो जाएगी। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने बताया कि फिलहाल यमुनोत्री धाम के लिये यात्रा बाधित नहीं है। धाम से लौटने वाले श्रद्धालु ओजरी तक ट्रांसशिपमेंट के माध्यम से आ रहे हैं, जिसके बाद वे करीब 400 मीटर पैदल चलकर सिलाई बैंड पहुंच रहे हैं। सिलाई बैंड से आगे यात्रियों को फिर ट्रांसशिपमेंट सिस्टम के माध्यम से उनके गंतव्य तक भेजा जा रहा है।

वहीं, बदरीनाथ, केदारनाथ और गंगोत्री धाम के लिये भी यात्रा निर्बाध रूप से जारी है। इस बीच, मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जताया है कि राज्य के कुछ हिस्सों में आगामी दिनों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

दुर्घटना टिहरी

टिहरी जिले में ऋषिकेश–गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज सुबह जाजल और फ़कोट के बीच कांवड़ यात्रियों से भरा ट्रक के दुर्घटनाग्रसत होने से एक कांवड़िए की मृत्यु हो गई, जबकि 14 अन्य घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद नरेंद्रनगर अस्पताल और ऋषिकेश एम्स रेफर किया गया है। दुर्घटना की सूचना मिलने पर टिहरी की जिलाधिकारी नीतिका खंडेलवाल भी मौके पर पहुंचीं।

केदारनाथ पुनर्निर्माण समीक्षा

रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने केदारनाथ धाम में चल रहे पुनर्निर्माण परियोजना के तहत हो रहे निर्माण कार्यों की प्रगति और लंबित मुद्दों के निस्तारण की समीक्षा की। उन्होंने पुनर्निर्माण कार्य से जुड़ी कार्यदायी संस्थाओं को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध कार्य करने के निर्देश देते हुए आगामी समय में होने वाले कार्यों के बारे में चर्चा की। बैठक में जिलाधिकारी ने केदारनाथ पुनर्निर्माण के लिए मास्टर प्लान के पहले और दूसरे चरण में संचालित कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यों में तेजी लाने को कहा। उन्होंने केदारनाथ में संगम स्थल सौंदर्यीकरण, मंदिर परिसर में चल रहे अन्य अवस्थापना विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्हें जल्द पूरा करने को कहा। जिलाधिकारी ने यात्री सुविधाओं, पार्किंग, एप्रोच मार्ग, हेलिपैड आदि के विस्तार के बारे में भी चर्चा की।

जिलाधिकारी निरीक्षण

पौड़ी की जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने श्रीनगर नगर क्षेत्र के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने गंगा दर्शन बैंड स्थित गौशाला, निर्माणाधीन एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर, गंगा संस्कृति केंद्र, अलकेश्वर घाट, श्रीनगर तहसील और चारधाम यात्रा कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर को विस्तारित करने एवं पशु रखरखाव के लिये गाइडलाइन अनुसार समिति गठन के निर्देश देते हुए जियो टैग वाले पशुओं को उनके स्वामियों तक पहुंचाने को कहा। तहसील निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संग्रह अनुभाग में वसूली की स्थिति की जानकारी लेते हुए बड़े बकायेदारों से वसूली की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिये। वहीं, चारधाम यात्रा कंट्रोल रूम का निरीक्षण के दौरान फोन बंद पाए जाने पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने उपजिलाधिकारी को फोन तत्काल सुचारु करने के निर्देश दिये।

पौधरोपण अभियान

टिहरी डैम वन प्रभाग वन महोत्सव के तहत पौधरोपण अभियान में जुट गया है। इस साल विभाग जिलेभर में विभिन्न प्रजातियों के लगभग 70 हजार पौधों का 66 हेक्टेयर भूमि पर सघन रोपण करेगा। टिहरी डैम वन प्रभाग– प्रथम की प्रभागीय वनाधिकारी सन्दीपा शर्मा ने बताया कि लगातार हो रही बारिश इस बार पर्यावरण सहित वन विभाग के अनुकूल है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष वनाग्नि की छिटपुट घटनाएं ही फायर सीजन में हुई हैं, जिससे भूमि में नमी बनी हुई है। उन्होंने बताया कि प्रभाग के अंतर्गत 6 नर्सरियां संचालित की जा रही हैं। इनमें भागीरथीपुरम, टिपरी, चौंरा भंडार गांव, बागबाटा, पिलवा और अगुंडा शामिल हैं। उन्होंने विभागीय कर्मियों को निर्देश दिए हैं कि नर्सरियों से उच्च्व गुणवत्ता और ऊंचाई वाले पौधों को चिन्हित क्षेत्रों में रोपण किया जाए। इन दिनों पौधरोपण अभियान को विभागीय कर्मी, वन पंचायत और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से चलाया जा रहा है।